पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राजभवन में समारोह पूर्वक मनाया गया उत्तर प्रदेश का स्थापना दिवस

लखनऊ: 24 जनवरी, 2024

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में आज यहां राजभवन में उत्तर प्रदेश दिवस धूमधाम से समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर दिन भर चले विविध कार्यक्रमों के क्रम में शाम को प्रदेश की विविधतापूर्ण संस्कृति, साहित्य, इतिहास की विशेषताओं, लोक कलाओं और तमाम विशिष्टताओं पर मनोरम सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में कबीर, मैथिलीशरण गुप्त जैसे महाकवियों पर एकल प्रस्तुतियां हुईं।इसके साथ ही महान क्रांतिकारी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी दुर्गा भाभी और मंगल पांडे , चंद्रशेखर आजाद पर नाट्य प्रस्तुति भी हुई। कार्यक्रमों के क्रम में मन मोहने वाला बुंदेलखंड का राई नृत्य, अयोध्या का प्रसिद्ध ढेढिया नृत्य तथा बृज की होली पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियां भी हुईं। कार्यक्रम में राजभवन में कार्यरत श्री कुलदीप सिंह द्वारा रचित उत्तर प्रदेश गीत भी प्रस्तुत किया गया।
इस अवसर पर उत्तर प्रदेश की तमाम विशेषताओं, उपलब्धियों, इतिहास, भौगोलिक विशिष्टताओं, संस्कृति और साहित्य , परंपराओं को प्रदर्शित करने वाली राजभवन के आई0टी0 सेल द्वारा निर्मित एक डाक्यूमेंट्री का प्रदर्शन भी किया गया। मंचीय प्रस्तुतियों में कलाकारों के साथ राजभवन में कार्यरत अधिकारी, कर्मचारी तथा यहाँ अध्यासित परिवारों के बच्चों द्वारा उत्साह के साथ प्रतिभाग किया गया।

कार्यक्रम में राज्यपाल जी ने संस्कृति विभाग द्वारा लगाई गई उत्तर प्रदेश की विविधताओं को दर्शाती प्रदर्शनी तथा रंगोली का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर समारोह को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल जी ने कहा कि स्थापना दिवस मनाने के लिए काफी अच्छा प्रयास है। उन्होंने कहा कि छोटे- छोटे कार्यक्रमों से बच्चे प्रेरणा लेते हैं और आगे बढ़ते हैं।

उन्होंने समारोह में की गई सभी प्रस्तुतियों की सराहना की।संत कबीर, मैथिलीशरण गुप्त, दुर्गा भाभी, चंद्रशेखर आजाद, मंगल पांडे आदि के पात्रों के अभिनय की सराहना करते हुए उन्होंने कहा की अभिनय से उस वक्त का पूरा चित्र प्रतिबिंबित होने लगता है। उन्होंने कहा कि सभी का मकसद देश की आजादी था। आजादी के आंदोलन में लाखों लोगों ने शहादत दी। उन्होंने एकजुट रहने पर जोर देते हुए कहा कि यदि 140 करोड़ जनता एक ही दिशा में कार्य करेगी तो किसी की हिम्मत नहीं है कि देश को परतंत्र बना सके।

राज्यपाल जी ने माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व की सराहना की और कहा कि आज भारत विश्व का नेतृत्व कर रहा है यह खुशी की बात है। उन्होंने उत्तर प्रदेश गीत के रचयिता व गायकों , एकल नाट्य तथा डाक्यूमेंट्री की भी सराहना की।

राज्यपाल जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के पास समृद्ध संसाधन हैं , जरूरत है संसाधनों के समुचित उपयोग कर विकास करने की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विगत 10 सालों में विकास को गति मिली है।

इसी क्रम में उन्होंने राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का जिक्र करते हुए कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला विराजमान हुए हैं , हमें सिर्फ मंदिर नहीं राम राज्य की स्थापना करनी है। देश को आगे बढ़ाना है, राम के पदचिन्हों पर चलना है।

कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे, विशेष सचिव राज्यपाल श्री

बी0एन0 सिंह, राजभवन में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारी, संस्कृति विभाग के अधिकारी कर्मचारी, राजभवन अध्यासित परिवार एवं भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ से प्रतिभागी उपस्थित रहे।

डॉ0 सीमा गुप्ता,
सहायक निदेशक सूचना,
कृष्ण कुमार-सूचना अधिकारी/
राजभवन
सम्पर्क सूत्र- 8318116361